प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 शुक्रवार** **दिनांक 17.05.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– पंजीयन विभाग ने संपत्ति की रजिस्ट्री सरकारी गाइडलाइन दर से कम रेट में करने पर लगाई रोक।

2– एसीबी की टीम ने आज प्रदेश के चार स्थानों में कार्रवाई कर रिश्वत लेने वाले कर्मचारियों को रंगेहाथों पकड़ा।

3– तीन नये आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पुलिस अधिकारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण।

4– अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के बस्तर संभाग में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना।

**समाचार विस्तार से .....**

**<u>गाइडलाइन–आदेश</u>**

पंजीयन विभाग ने संपत्ति की रजिस्ट्री सरकारी गाइडलाइन दर से कम रेट में करने पर रोक लगा दी है। प्रदेश में जमीन पंजीयन के संबंध में मिल रही शिकायतों के बाद यह आदेश जारी किया गया। आदेश में कहा गया है कि रजिस्ट्री में गाइडलाइन रेट कम करने को कदाचार माना जाएगा और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने कहा है कि किसी केस विशेष में जब लगे कि संपत्ति का गाइडलाइन रेट कम करना प्रासंगिक है तो उसकी फाइल बनाकर विभागाध्यक्ष को भेजी जाए। वहां से अनुमति मिलने के बाद ही उसका रेट कम किया जाए।

**एसीबी–गिरफ्तार**

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने आज प्रदेश के चार स्थानों में कार्रवाई कर रिश्वत लेने वाले कर्मचारियों को रंगेहाथों पकड़ा है।

एसीबी की टीम ने बिलासपुर के तहसील कार्यालय परिसर में राजस्व निरीक्षक–आरआई संतोष कुमार देवांगन और भूअर्जन इंचार्ज को एक लाख रूपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरआई संतोष कुमार देवांगन से मोपका का एक किसान भूअर्जन का मुआवजा दिलाने संबंधी प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने आग्रह कर रहा था। इस पर आरआई द्वारा रिश्वत की मांग की गई। किसान ने इसकी शिकायत एन्टी करप्शन ब्यूरो से की। इसके बाद एसीबी की टीम ने तहसील कार्यालय पहुंचकर आरआई को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

वहीं, एसीबी की टीम ने अंबिकापुर स्थित नगर निवेश कार्यालय में छापे की कार्रवाई की। इस दौरान पैंतीस हजार रूपए रिश्वत लेते हुए सहायक संचालक बाल कृष्ण चौहान और मानचित्रकार नीलेश्वर कुमार धुर्वे को रंगे हाथों पकड़ा गया। वे लोगों से नक्शा पास कराने के एवज में रिश्वत मांग रहे थे।

एक अन्य मामले में एसीबी की टीम ने कोंडागांव जिले में जल संसाधन विभाग में कार्यपालन अभियंता टी. आर मेश्राम को पचास हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोप है कि कार्यपालन अभियंता एक ठेकेदार से माकड़ी ब्लॉक के अंतर्गत स्टॉप डेम निर्माण कार्य के संबंध में रिश्वत मांग रहा था।

वहीं, एसीबी की टीम ने रायगढ़ जिले में घरघोड़ा रेंज में कार्यरत् एक डिप्टी रेंजर मिलन भगत को पांच हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इस डिप्टी रेंजर ने झाड़फूंक करने वाले एक व्यक्ति को जंगली मुर्गा मारने के मामले में जेल भेजने का डर दिखाकर उससे आठ हजार रूपए की रिश्वत मांगी थी।

## कर्मचारी–कार्रवाई

प्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग ने बिना छुट्टी लिए लंबे समय तक अनुपस्थित रहने, सरकारी दायित्वों में लापरवाही करने और छुट्टी स्वीकृत कर वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव मुकेश बंसल ने सभी विभागाध्यक्षों, सचिवों, राजस्व बोर्ड, कमिश्नरों, कलेक्टरों, जिला पंचायतों के सीईओ को सर्कुलर भेजकर ऐसे लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। सामान्य प्रशासन विभाग ने कहा है कि ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच जल्द पूरी कर ली जाए और गंभीर रूप से दोषी पाए जाने पर सेवा से बर्खास्त किया जाए।

## आपराधिक कानून–प्रशिक्षण

देशभर में तीन नये आपराधिक कानून आगामी एक जुलाई से प्रभावी हो जाएंगे। इन नये आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए इन्हें लागू किए जाने से पहले पुलिस विभाग के अधिकारियों को इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। नये कानूनों का प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय से एमओयू किया गया है।

गौरतलब है कि भारत सरकार द्वारा तीन नये आपराधिक कानूनों का प्रकाशन राजपत्र में किया गया है। इन्हें आगामी एक जुलाई से लागू किया जाना है। इस संबंध में पुलिस महानिदेशक द्वारा सभी रेंज के पुलिस महानिरीक्षकों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों सहित सभी अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सोलर पैनल–बिजली

सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत राजनांदगांव जिले में लोग बिजली की खपत कम करने अपने घरों में सौर पैनल भी लगा सकेंगे। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। अब तक एक हजार पांच सौ से अधिक आवेदन आ चुके हैं। बिजली कंपनी के सत्यापन के बाद सौर पैनल लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा। सौर पैनल लगाने के लिए हितग्राहियों को अनुदान भी दिया जाएगा। अनुदान के लिए अलग–अलग श्रेणियां तय की गई हैं।

छतों पर सौर पैनल लगाने के लिए हितग्राहियों को दिए जाने वाले अनुदान के अंतर्गत एक से दो किलोवाट प्लांट की क्षमता वाले सौर पैनल के लिए डेढ़ सौ यूनिट तक विद्युत खपत होने पर तीस हजार से साठ हजार रूपए का अनुदान दिया जाएगा। वहीं, दो से तीन किलोवॉट क्षमता वाले सौर पैनल के लिए तीन सौ यूनिट तक विद्युत खपत होने पर साठ हजार से अठहत्तर हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा। इस योजना के तहत छतों और खाली पड़े स्थानों में सौर पैनल लगाने के लिए हितग्राहियों को बैंकों से लोन भी दिया जाएगा।

**बातों–बातों में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **गर्मी के मौसम में लू लगने के कारण और बचाव पर एम्स रायपुर के विशेषज्ञ डॉक्टर वरूण आनंद** से ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल अट्ठारह मई को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**'रेल मदद' ऐप**

भारतीय रेलवे ने शिकायत प्रबंधन प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल करते हुए रेल यात्रियों की शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया को सुधारने और तेज करने के लिये रेलवे के द्वारा **'रेल मदद'** नाम से एक ऐप जारी किया

है। यात्री को इस एप पर रजिस्टेशन के बाद एसएमएस के जरिये शिकायत संख्या तुरंत उपलब्ध कराकर रेलवे द्वारा उठाये गये कदमों की जानकारी भी एसएमएस द्वारा दी जाती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत रेल मदद ऐप पर रेल यात्रियों से प्राप्त समस्याओं और शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा हैं। हेल्पलाईन नंबर एक–तीन–नौ पर भी काल करने से 'रेल मदद'द्वारा यात्रियों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।

**ट्रेन–परिचालन**

मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के सीएसएमटी स्टेशन के प्लेटफार्म विस्तार के लिए स्टेशन और स्टेशन यार्ड में नॉन इंटरलाकिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबन्धित कुछ गाडियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसके तहत इकतीस मई को हावड़ा–सीएसएमटी दुरन्तो एक्सप्रेस रद्द रहेगी। वहीं, दो जून को सीएसएमटी–हावड़ा दुरन्तो एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसी तरह, सोलह मई से इकतीस मई तक हावड़ा–सीएसएमटी सुपरफास्ट मेल एक्सप्रेस दादर स्टेशन में समाप्त होगी। इकतीस मई को हावड़ा–सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रेस दादर स्टेशन तक ही चलेगी।

**सुकमा–शिविर**

सुकमा जिले के कलेक्टर हरीश एस. के निर्देश पर सिलगेर और एलमागुंडा गाँव में प्रशासन द्वारा शिविर लगाया गया है। इस शिविर में आधार कार्ड के साथ ही बैंक खाता खोलने, वोटर आईडी, आय–जाति प्रमाण पत्र, पेंशन और वन अधिकार पत्र जैसे कार्य मौक़े पर ही किए जा रहे हैं।

गौरतलब है की प्रदेश सरकार ने ऐसे गाँवों को चिन्हित किया जिसमें लम्बे समय से शासन की योजनाएँ नहीं पहुँच पाई है। ऐसे गाँवों में शासन ने नियद नेल्ला नार योजना प्रारंभ कर गाँवों तक बुनियादी सुविधाएँ पहुँचाने का लक्ष्य रखा है।

**पांडुरंग शंकरराव मोघे–निधन**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक पांडुरंग शंकरराव मोघे का कल रात निधन हो गया। तिरानवे वर्षीय श्री मोघे ने राजधानी रायपुर के निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। आज धमतरी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने श्री मोघे के निधन पर अपनी शोक संवेदना प्रकट की।

**दुर्घटना**

खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले के ग्राम बाज़ार अतरिया में हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि
ये बच्चे एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर जाने के लिए सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई, जिसके बाद मौके पर पहुंची जालबांधा पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को शांत कराया और आरोपी ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।

**तेंदुआ–मौत–अपडेट**

कोरबा जिले के पाली उप वनमंडल के चेतमा रेंज में एक तेंदुए के शिकार करने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार इन लोगों ने तेंदुए को मारने के लिए जहर का इस्तेमाल किया था। आरोपियों ने तेंदुए के शरीर से खाल के कुछ हिस्सों के साथ ही नाखून, दांत और पूंछ भी गायब कर दी थी।

**ठगी आरोपी–गिरफ्तार**

राजधानी रायपुर में क्रिप्टो करेंसी में अधिक पैसा कमाने का झांसा देकर तीस लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक मुजगहन निवासी सुशांत कुमार ने मुजगहन थाने में ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ओड़िशा के एक पूर्व परिचित व्यक्ति अमित कुमार थापा ने बिजनेस क्रिप्टो करेंसी का प्लान दिखा कर अलग–अलग तिथि और किश्तों में तीस लाख रूपए की ठगी की है। प्राथी की शिकायत पर वरिष्ठ अधिकारियों ने एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट और थाना प्रभारी मुजगहन को आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया, जिसके बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी अमित कुमार थापा को गिरफ्तार कर लिया है और उसकी जानकारी के आधार पर अन्य की तलाश में जुटी है।

**मौसम**

**मौसम का हाल...**

अगले चौबीस घंटों के दौरान छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका मध्य भारत से दक्षिण भारत तक विस्तारित है। इसकी वजह से बंगाल की खाड़ी से प्रदेश में नमी आ रही है। मौसम विभाग के अनुसार

दक्षिण छत्तीसगढ़ में गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। बस्तर संभाग के जिलों में बादल छाए होने के कारण तापमान में आज कमी आई है।

प्रदेश के तापमान में भी दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>